देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 30.10.2025
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने हरिद्वार में देवभूमि रजत उत्सव कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।
- हल्द्वानी में राज्य की भाषाओं पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन। कुमाऊंनी और गढ़वाली भाषाओं को 8वीं अनुसूची में शामिल करने पर जोर दिया गया।
- अल्मोड़ा में कृषि संरचनाओं और पर्यावरण प्रबंधन में प्लास्टिक इंजीनियरिंग पर तीन दिवसीय 21वीं वार्षिक कार्यशाला शुरू।
- लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में रन फॉर यूनिटी के तहत बागेश्वर में बाइक रैली निकाली गई।

देवभूमि रजत उत्सव

उत्तराखण्ड राज्य के 25 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने आज हरिद्वार में तीन दिवसीय देवभूमि रजत उत्सव कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इन 25 वर्षों में राज्य ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश, निरन्तर विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि पिछले चार वर्षों में प्रदेश ने हर क्षेत्र में तेजी से प्रगति की है।

इस अवसर पर राज्यसभा सांसद ने डिजिटल प्रदर्शनी का शुभारंभ किया और राज्य व केंद्र सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

राश्ट्रीय संगोश्ठी

उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी में आज से राज्य की भाषाओं पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी की शुरुआत हुई। इस अवसर पर विशेषज्ञ वक्ताओं ने कुमाउंनी, गढ़वाली, जौनसारी सहित सीमांत भाषाओं पर विस्तार से चर्चा की। संगोष्ठी में हिन्दी भाषा के विद्वान डॉ. डी.एस पोखरिया ने हिमालय की लोकवृत्त भाषा पर प्रकाश डाला। उन्होंने गढ़वाली और कुमाउंनी को भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करते हुए भाषा का दर्जा देने पर जोर दिया। विश्वविद्यालय के कुलपति नवीन लोहनी ने कहा कि गांवों के अंतिम लोगों तक प्रदेश की प्रमुख भाषाओं की पहुंच हो सके, इसके लिए विश्वविद्यालय प्रयासरत है।

भविष्य निधि अदालत

राजधानी देहरादून में सामान्य भविष्य निधि से संबंधित मामलों के त्वरित निपटान के लिए एक विशेष अदालत का आयोजन किया गया। महालेखाकार मोहम्मद परवेज आलम ने बताया कि विशेष अदालत में पेंशनरों और सरकारी कर्मचारियों की जी.पी.एफ से जुड़ी विभिन्न समस्याओं, जैसे खाता संख्या में त्रुटि, कटौती में गड़बड़ी, अंतिम भुगतान में देरी आदि का मौके पर ही समाधान किया गया।

कार्य□ाला

विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, अल्मोड़ा में कृषि संरचनाओं और पर्यावरण प्रबंधन में प्लास्टिक इंजीनियरिंग पर अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना की तीन दिवसीय 21वीं वार्षिक कार्यशाला आज से शुरू हो गई है। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. लक्ष्मी कांत ने बताया कि कार्यशाला में गत वर्ष की कृषि प्रगति और भविष्य के लिए योजनाओं पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला, किसानों और उनकी आय संवर्धन के लिए सहायक सिद्ध होगी।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के अभियांत्रिकी उपमहानिदेशक डॉ. एस.एन झा ने कहा कि कृषि में प्लास्टिक इंजीनियरिंग के द्वारा पॉलीहाउस और ग्रीन हाउस के माध्यम से किसानों को होने वाले लाभ व भविष्य में चुनौतियों को लेकर कार्यशाला में मंथन किया जाएगा।

रन फॉर यूनिटी

लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में रन फॉर यूनिटी के तहत आज बागेश्वर पुलिस और जिला प्रशासन की ओर से बाइक रैली निकाली गई। नशा मुक्ति अभियान और साइबर अपराध से बचाव के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित इस रैली में पुलिस कर्मियों, प्रशासनिक अधिकारियों, युवाओं और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बागेश्वर की उप जिलाधिकारी प्रियंका रानी ने कहा कि प्रशासन की ओर से लगातार ऐसे प्रयास किए जाते रहेंगे, ताकि समाज में जागरूकता बढ़ सके।

युवा महोत्सव

युवा कल्याण विभाग की ओर से हरिद्वार के बहादराबाद में ब्लॉक स्तरीय युवा महोत्सव आयोजित किया गया। इस अवसर पर सांस्कृति कार्यक्रम, लोकनृत्य, लोकगीत, कहानी लेखन, चित्रकला, भाषण, कविता लेखन स्पर्धा का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।